छुटकारे का इतिहास – भाग 3
अध्याय 19: छुटकारे के इतिहास में काम
डॉ. डेविड प्लैट

यदि आपके पास बाइबल है – और मेरी आशा है कि आपके पास है – तो मेरे साथ श्रेष्ठगीत की पुस्तक को निकालें– चिर–प्रतीक्षित श्रेष्ठगीत। यह पहली बार है जब मैं श्रेष्ठगीत से प्रचार कर रहा हूँ। मैं इस पुस्तक को पहले पढ़ चुका हूँ। इस पुस्तक का मैं पहले अध्ययन कर चुका हूँ। हेदर के साथ मैं इस पुस्तक को पढ़ चुका हूँ और इसका अध्ययन कर चुका हूँ, जो एक पूर्णतः आनन्दमय अनुभव है, विशेषतः याकूब की शिक्षा के प्रकाश में कि केवल वचन को सुनने वाले नहीं, बल्कि उसके अनुसार करने वाले बनें।

इसलिए यह एक महान पुस्तक है। परन्तु जब आप बहुत से लोगों के सामने होते हैं तो यह पुस्तक अजीब सी हो जाती है। यहीं पर हम अधिकृत रूप से विश्वास का परिवार बनते हैं। और आज हम अपनी सीमा को तोड़ रहे हैं। मैं चाहता हूँ आप जानें कि इस पुस्तक में कुछ ऐसी बातें हैं जिनके बारे में हम आमतौर पर प्रचारों में बात नहीं करते हैं– उनके बारे में हम सार्वजनिक वार्तालाप में आमतौर पर बात भी नहीं करते हैं।

हम इन शब्दों का प्रयोग नहीं करते हैं। इस पुस्तक में ऐसी बातें हैं, जिनके बारे में आप सोचते हैं, "यह बाइबल में है?" जैसे नाभियाँ, और कमर और स्तन, हे परमेश्वर! जैसे यहाँ क्या हो रहा है? और आप सोचने लगते हैं कि यह यहाँ क्यों है? और यहीं पर मैं चाहता हूँ कि हम परमेश्वर की भलाई को देखें, परमेश्वर की बुद्धि को देखें। अगले चार सप्ताह– अगले चार में से तीन सप्ताह, आज को मिलाकर, हम तीन विभिन्न बौद्धिक पुस्तकों के अवलोकनों को देखेंगे– नीतिवचन, सभोपदेशक, और श्रेष्ठगीत।

और बुद्धि की पुस्तकें हमें पवित्रशास्त्र में यह दिखाने के लिए दी गई हैं कि कैसे हमारे दैनिक जीवन दिनचर्या में परमेश्वर के आज्ञापालन और परमेश्वर की महिमा को प्रकट किया जाता है। और यहीं पर यह अर्थपूर्ण होता है। सोचें कि हम अगले कुछ सप्ताहों में कहाँ जाने वाले हैं। हमारी संस्कृति में मसीहियत के प्रतियोगी– मैं चाहता हूँ कि एक पल के लिए आप मेरे साथ नास्तिकता से आगे, अज्ञेयवाद या इस्लाम या हिन्दु धर्म से आगे सोचें।

अहम् के बारे में सोचें– स्व की मूर्तिपूजा के बारे में। जीने का तरीका जो हमारे चारों ओर है, जो कहता है, "स्व सबसे बड़ा है।" आत्म–प्रशंसा, आत्म–विश्वास, आत्म–उन्नति, आत्म–सन्तुष्टि, जो हमारे युग का मन्त्र है, और हम उसे अगले सप्ताह नीतिवचन की पुस्तक में देखेंगे। हम देखेंगे कि बुद्धि स्वयं का आदर करने में नहीं, बल्कि परमेश्वर का भय मानने में है। भौतिकतावाद के बारे में सोचें, वस्तुओं की मूर्तिपूजा। यह हमारी संस्कृति में वास्तव में विशाल है।

कुछ सप्ताहों में हम इसे सभोपदेशक की पुस्तक में देखेंगे, और फिर इसका अन्त, जहाँ यह हमें ले जाता है। परन्तु आज मैं चाहता हूँ कि हम अपनी संस्कृति में मसीहियत के दूसरे प्रतियोगी को देखें, और जिसे कुछ लोग हमारी संस्कृति में सबसे खतरनाक प्रतियोगी कहते हैं, और वह है कामुकता– काम की मूर्तिपूजा। इसमें कोई सवाल नहीं है कि हमारी संस्कृति में पिछली सदी में हम लैंगिक क्रान्ति से गुजरे हैं।

मेरे एक मित्र, पासबान मार्क डेवर, लिखते हैं, "पिछली सदी की सबसे महत्वपूर्ण क्रान्ति लैंगिक क्रान्ति रही है। गर्भनिरोध ने गर्भधारण का स्थान ले लिया। आनन्द को जिम्मेदारी से अलग कर दिया गया। यह ऐसा था जैसे हमारे जीवनों के प्रत्येक हिस्से को अपनी सेवा के लिए झुकाने हेतु वैध ठहराने का लाइसेन्स दे

दिया गया हो। उस समय से लेकर, तलाक, पुनर्विवाह, गर्भपात, विवाह पूर्व शारीरिक संबंध, विवाहेतर शारीरिक संबंध, और साथ ही साथ समलैंगिकता की सार्वजनिक स्वीकृति में बढ़ोतरी होने लगी।

"अश्लीलता एक विशाल व्यापार है, और यह केवल बाहर समाज की ही समस्या नहीं है। बहुत सी कलीसियाओं ने पाया है कि उनके सदस्य असफल विवाहों और अवैध संबंधों से ग्रस्त है; इन तथाकथित निजी पापों के द्वारा जो सार्वजनिक अपमान में बदल जाते हैं, जिनमें से कुछ ज्ञात हैं, और जिनमें से कुछ अभी तक ज्ञात नहीं हैं।" हम जानते हैं– जब भी हम टीवी चालू करते हैं तो हम हर बार लैंगिक क्रान्ति के प्रभावों को देखते हैं। हर बार जब आप फिल्म देखने के लिए जाते हैं।

जब भी आप सामान खरीदने के बाद बाहर निकलने की पंक्ति में खड़े होते हैं तो आप पत्रिकाओं से घिरे होते हैं। हर बार आप किसी व्यक्ति को भद्दा मजाक करते हुए सुनते हैं। हम इसके प्रभावों को राजनैतिक वार्तालापों में हर स्थान पर देखते हैं। और दूसरे कारणों के बीच यह एक अच्छा कारण है कि हमारे पास श्रेष्ठगीत की पुस्तक है, क्योंकि बात यह हैः जब आप इसके बारे में सोचते हैं, तो यदि हमारे पास यह पुस्तक नहीं होती तो इसका कोई मतलब नहीं होता। परमेश्वर ने हमें लैंगिक अस्तित्वों के रूप में रचा है; यह वास्तव में हमारा अविभाज्य हिस्सा है कि हम कौन हैं, और कैसे उसने एक दूसरे से संबंध बनाने के लिए हमें रचा है। इसका कोई अर्थ नहीं होता यदि पवित्रशास्त्र के कैनन में हमारे पास कोई स्थान नहीं होता जहाँ परमेश्वर ने इसका संबोधन किया हो। और इसलिए हमारे पास श्रेष्ठगीत की पुस्तक है जो कहती है, "हाँ, तुम्हारी शारीरिक इच्छाएँ, लालसाएँ और अभिलाषाएँ और आवश्यकताएँ हैं, और वे तुम में हैं क्योंकि परमेश्वर ने उन्हें तुम्हें दिया है।"

और उसने उन्हें तुम्हें तुम्हारे भले और अपनी महिमा के लिए दिया है। और लैंगिक प्रेम को हमारे भले और उसकी महिमा के लिए कैसे अनुभव किया जा सकता है? श्रेष्ठगीत हमें उत्तर देता है। अब कलीसिया में, कलीसिया के इतिहास में, श्रेष्ठगीत के बारे बहुत से प्रश्न हैं; सैंकड़ों प्रश्न। एक व्याख्याकार ने कहा, "सम्पूर्ण बाइबल में यह सर्वाधिक विवादास्पद, सर्वाधिक कठिन, सर्वाधिक रहस्यमयी पुस्तक है।"

यह एक जटिल पुस्तक है, समझने में कठिन है। यहाँ प्रयुक्त भाषा, श्रेष्ठगीत में प्रयुक्त बहुत से शब्द, पवित्रशास्त्र और कहीं भी नहीं मिलते हैं, जो इनमें से बहुत से शब्दों को अद्वितीय बना देता है, जिनकी व्याख्या करना थोड़ा कठिन हो जाता है। फिर इस पुस्तक में रूपक भरे हैं जो हमारे लिए अनजाने हैं; विविध प्रकार के पौधे, और प्राणी और मसाले और इत्र और अनजाने स्थान हैं।

और फिर रूपकों का हमारे सन्दर्भ में सर्वदा आसानी से अनुवाद नहीं किया जा सकता है। जैसे यह पुरूष इस स्त्री को जब अपनी प्रिया, या कबूतरी, या सोता कहता है तो हम समझ सकते हैं, परन्तु जब वह कहता है वह घोड़े जैसी है, और उसके बाल उसे बकरियों की याद दिलाते हैं, या जब वह कहता है कि उसकी नाक गुम्बद के समान है, तो हम सोचते हैं, "इस व्यक्ति से क्रिया की कोई आशा नहीं है। आप ऐसा नहीं कहते हैं!" और यहाँ बहुत अधिक कठिनाई है जो व्याख्या को मुश्किल बना सकती है।

जब आप कलीसिया के इतिहास में देखते हैं तो आप विविध प्रकार की व्याख्याओं को देख सकते हैं। लोग ने पूछा है, "क्या यह पुस्तक रूपकात्मक है?" क्या यह रूपकात्मक है? रूपक में एक कहानी बताई जाती है जो वास्तव में सच्ची कहानी नहीं है– यह कुछ वृहद् के बारे में बताती है। सारे पात्र और सारे विवरण किसी दूसरी बात की ओर संकेत करते हैं।

और कलीसियाई इतिहास के दौरान लोगों ने इस पुस्तक को देखा और कहा, "यहा एक कहानी है, जो परमेश्वर के अपने लोगों के साथ रिश्ते की ओर संकेत करती है।" और इसके परिणामस्वरूप, प्रचारकों, व्याख्याकारों ने विविध प्रकार की काल्पनिक व्याख्याएँ की कि इस पुस्तक की विभिन्न बातों का क्या अर्थ हो

सकता है। पुस्तक के आरम्भ ही में, जिन चुम्बनों का वर्णन किया गया है, कुछ लोगों ने कहा है कि वह स्पष्टतः परमेश्वर के वचन के बारे में बताता है।

स्त्री की नाभि या कमर महासभा को बताती है। उसके दो होंठ, एक व्यवस्था को बताता है, दूसरा सुसमाचार को। उसके स्तन हर प्रकार की रूचिकर बातों को दिखाते हैं। कुछ लोगों ने कहा है कि वे मूसा और हारून को दिखाते हैं– मैं मजाक नहीं कर रहा हूँ। मैं इसे बनाकर नहीं बता रहा हूँ। मूसा और हारून को यह लेबल दिया गया। वे पुराने नियम और नये नियम को बताते हैं, दो महान आज्ञाओं को बताते हैं, परमेश्वर से प्रेम करना और अपने पड़ोसी से प्रेम करना।

यह वास्तविकता है– ये प्रचार हैं, टीकाएँ हैं। चलो ठीक है– इसे हम पीछे छोड़ते हैं। क्या यह प्रतीकात्मक है? प्रतीक एक प्रकार की छाया है जो किसी वस्तु की ओर संकेत करती है, जो कुछ और प्रतिबिम्बित करती है या जो किसी और भी बड़ी बात की ओर संकेत करती है, और आमतौर पर इस पुस्तक को मसीह और कलीसिया के प्रतीक की तस्वीर के रूप में प्रयोग किया जाता है। और जो कुछ हम देख रहे हैं, उदाहरण के लिए यह पुरूष, वह मसीह की ओर संकेत करता है। स्त्री में हम जो कुछ भी देखते हैं वह कलीसिया की ओर संकेत करता है।

अब उसके बारे में हम थोड़ी देर बाद में बात करेंगे, परन्तु यहाँ पूर्णतः प्रतीकात्मक तस्वीर में न जाएँ। दूसरों ने पूछा है, "क्या यह यथार्थ है?" क्या यह केवल एक पुरूष और स्त्री की स्वाभाविक कहानी है जो एक–दूसरे से प्रेम करते हैं और एक–दूसरे का प्रेम पाते हैं? परन्तु उन लोगों के बीच में भी, वाद–विवाद है जो कहते हैं कि यह यथार्थ है। क्या यह एक कहानी है, या केवल गीत? क्या यह हमें कदम–दर–कदम कथा को बताती है? कुछ लोग कहते हैं कि शुरूआत में एक पुरूष और स्त्री द्वारा एक–दूसरे की खोज के साथ यह आरम्भ होती है।

फिर उनकी मंगनी होती है और फिर विवाह, फिर उनके विवाह की रात्रि, और फिर उसके बाद प्रेम का उत्सव। क्या यह इस प्रकार की कथा है? या ये केवल गीत हैं जिन्हें एक साथ रखा गया है? उन लोगों के बीच में भी जो लोग वाद–विवाद करते हैं कि ये केवल गीत हैं, वे कहते हैं, "क्या यह एक गीत है, या कई गीत जिन्हें एक साथ मिलाया गया है?" जो लोग कहते हैं कि यह कहानी है, वे वाद–विवाद करते हैं कि इसमें दो या तीन पात्र शामिल हैं या नहीं।

सर्वाधिक सामान्य विचार है कि इसमें दो पात्र हैं– सुलैमान और उसकी शूलेमी लड़की। फिर कुछ लोग हैं जो कहते हैं कि वास्तव में इसमें एक तीसरा व्यक्ति भी है। शूलेमी लड़की एक चरवाहे से प्रेम करती है, और सुलैमान इसके बीच में आता है, और अपनी सम्पत्ति के द्वारा उसे अपने प्रेमी से दूर करके प्रलोभन देने का प्रयास करता है। और इसलिए वे वाद–विवाद करते हैं कि इसमें दो या तीन पात्र हैं या नहीं। और फिर ये सवाल है कि इस पुस्तक को सुलैमान के लिए, सुलैमान के द्वारा, या सुलैमान के बारे में लिखा गया?

पुस्तक की शुरूआत में लिखा है, "श्रेष्ठगीत जो सुलैमान का है," और उसका वास्तव में उनमें से किसी भी रीति से अनुवाद किया जा सकता है। क्या "के लिए" का अर्थ सुलैमान के लिए समर्पण के समान है? क्या इसे सुलैमान द्वारा लिखा गया है– क्या वह लेखक है? या यह सुलैमान के बारे में है – क्या वह इसका विषय है? विभिन्न प्रकार की व्याख्याएँ और सवाल हैं, और आज मैं वास्तव में सारी समस्याओं और मामलों को हल करने का दावा नहीं करना चाहता हूँ।

परन्तु मैं चाहता हूँ कि आप उसे देखें जो अत्यधिक स्पष्ट है, और हम इस पुस्तक पर एक नजर डालेंगे और उसे देखने का प्रयास करेंगे जो बिल्कुल स्पष्ट है। और इस पुस्तक को समझने के मूल में, यह

स्पष्टतः संगीतमय है। अन्य शब्दों में, यह एक गीत है। यह एक कविता है। यह प्रेम की कविता है। जब यह कहती है, "श्रेष्ठगीत," इसका शाब्दिक अर्थ है सारे गीतों में से सबसे उत्तम। यही इसका शीर्षक है– सबसे उत्तम गीत।

दावा यह है– यह गीत अपनी खूबसूरती और अपने क्रम और अपने काव्य में अतुल्य है। आप इसके बारे में सोचें– परमेश्वर–प्रेरित प्रेम कविता – अब आप इससे बेहतर कुछ नहीं कह सकते हैं– परमेश्वर–प्रेरित रोमांस; परमेश्वर–प्रेरित प्रेम की कविताएँ, उसके आत्मा द्वारा अभिप्रेरित। सम्पूर्ण इतिहास में इसका कोई सानी नहीं है। यह हमें दैहिक प्रेम के उत्सव को दिखाती है। यह पुस्तक यही करती है।

एक व्याख्याकार ने कहा, "श्रेष्ठगीत मुख्यतः दैहिक घनिष्टता के सुख का अविचल उत्सव है।" यहाँ सुख सही शब्द है, क्योंकि आठ अध्यायों में आप देखेंगे कि बच्चों का कहीं भी कोई वर्णन नहीं है। मेरे साथ इसके बारे में सोचें– स्पष्टतः, काम केवल संतानोत्पत्ति के लिए नहीं है। काम परमेश्वर ने सुख के लिए दिया है। काम केवल इसके लिए नहीं है कि हम फले–फूलें; काम इसलिए दिया गया है कि हम आनन्द करें। इसी तस्वीर को हम यहाँ पर देखते हैं। यह दैहिक प्रेम का उत्सव है। और साथ ही यह पुस्तक हमें दैहिक प्रेम के खतरों की याद दिलाती है। यहीं पर मैं आपको एक वाक्यांश के बारे में बताना चाहता हूँ जिसका तीन बार वर्णन किया गया है। मैं चाहता हूँ आप इसे रेखांकित करें, क्योंकि यह विशाल है। अध्याय 2:7 में आप पहली बार इसे देखते हैं। इस पुस्तक में तीन बार, लेखक हमें याद दिलाता है कि दैहिक प्रेम केवल उसी समय पर अच्छा है जिसे परमेश्वर ने निर्धारित किया है।

पद 7 को सुनें, अध्याय 2, "हे यरूशलेम की पुत्रियो, मैं तुम से चिकारियों और मैदान की हरिणियों की शपथ धराकर कहती हूँ, कि जब तक प्रेम आप से न उठे, तब तक उसको न उसकाओ न जगाओ।" और आप 3:5 पर आते हैं, "हे यरूशलेम की पुत्रियो, मैं तुम से चिकारियों और मैदान की हरिणियों की शपथ धराकर कहती हूँ, कि जब तक प्रेम आप से न उठे, तब तक उसको न उसकाओ और न जगाओ।"

फिर आप 8:4 पर आते हैं– वही बात। "हे यरूशलेम की पुत्रियो, मैं तुमको शपथ धराती हूँ, कि तुम मेरे प्रेमी को न जगाना जब तक वह स्वयं न उठना चाहे।" यह संसार से बहुत अलग है। संसार कहता है, "किसी भी समय, किसी भी स्थान पर, किसी भी व्यक्ति के साथ।" और श्रेष्ठगीत हमें दिखाने वाला है कि यह केवल इसी प्रकार परमेश्वर के समय में होता है, परमेश्वर द्वारा निर्धारित स्थान पर, उस व्यक्ति के साथ जिसे परमेश्वर ने आपको दिया है। यह उससे बिल्कुल भिन्न है जो हमारी संस्कृति कहती है।
अब यहाँ मैं एक पल के लिए रूकना चाहता हूँ, क्योंकि मैं जानता हूँ कि हमारे विश्वास के परिवार में बहुत से भाई बहन हैं जो विवाहित नहीं हैं। हो सकता है आप छात्र हों, हो सकता है आप वयस्क हैं जो अकेले रहते हैं, हो सकता है आप तलाकशुदा हों, या विधवा हों– आपकी अवस्थाएँ विभिन्न प्रकार की हो सकती हैं। और आज मैं आपसे कहना चाहता हूँ यदि आप विवाहित नहीं हैं तो यह पुस्तक और यह प्रचार केवल विवाहित लोगों के लिए नहीं है।

यह पुस्तक और यह सन्देश अविवाहित लोगों के लिए भी है। क्योंकिः हाँ, स्पष्टतः यह पुस्तक विवाहित लोगों के लिए है। यह दैहिक प्रेम की खूबसूरती का आनन्द लेने और उसे याद करने का प्रोत्साहन और उपदेश है। और यह सारे अविवाहित लोगों के लिए उपदेश और प्रोत्साहन है कि वे दैहिक प्रेम की खूबसूरती और उसके आनन्द को उसके सन्दर्भ से बाहर चुराने की कोशिश न करें, और इस पूरे बिन्दू से न चूक जाएँ।

श्रेष्ठगीत में हम यदि दैहिक प्रेम को विवाह के सन्दर्भ से अलग कर दें तो हम उससे चूक जायेंगे जो हम यहाँ देख रहे हैं। बात यह है– आज हम जो कर रहे हैं उसके बारे में मुझे यह बात पसन्द हैः आमतौर पर

जब छात्रों और अविवाहितों की बात आती है तो कलीसिया में हम प्रचार करते हैं "काम बुरा है, इसलिए इसे न करें।" ठीक है। अब जाकर अच्छा जीवन बिताओ। हम कुछ ऐसा ही कहते हैं।

और आज मैं आपसे जो कहने वाला हूँ वह एक अर्थ में इसके ठीक विपरीत है। मैं चाहता हूँ आप देखें कि काम वास्तव में अच्छा है। इसके बारे में आप मेरा हवाला दे सकते हैं। इसे ट्वीट्र पर भेज सकते हैं। मैं चाहता हूँ आप देखें कि यह अच्छा है, यह अनमोल है, यह विशाल है, यह गौरवपूर्ण और अद्भुत है – उस सन्दर्भ में जहाँ परमेश्वर ने इसे रखा है। हम उसे वहाँ से अलग कर देते हैं, उसे अलग कर देते हैं। और इसलिए मैं चाहता हूँ कि आप इसके महत्व को समझें– मैं नहीं चाहता कि आप इसे बुरा मानें। मैं चाहता हूँ आप इसे अद्भुत के रूप में देखें।

अद्भुत जिसे आप उसके उचित सन्दर्भ में रखें, और अपनी पापपूर्ण प्रवृत्ति से बचें जो हमारी संस्कृति में हमें घेरे रहती हैं, क्योंकि एक बार उसे यदि उसके सन्दर्भ से अलग कर दिया जाए, तो इसकी खूबसूरती नष्ट हो जाती है। और मैं इसे जान–बूझकर कहता हूँ– इसकी खूबसूरती नष्ट हो जाती है। इसलिए इसकी सुरक्षा करें– और यहीं पर श्रेष्ठगीत 8 आता है– वहाँ देखने के लिए हमारे पास समय नहीं है। परन्तु आप इस पद्यांश में स्त्री के भाइयों को देखते हैं, जो अपनी बहन की सुरक्षा करते हैं। वे कहते हैं, "यदि वह शहरपनाह होती तो हम उस पर चाँदी का कंगूरा बनाते; और यदि वह फाटक होती तो हम उस पर देवदारू की लकड़ी के पटरे लगाते।" हम उसकी पवित्रता की सुरक्षा करेंगे। और मेरा विचार है कि विश्वास के परिवार के रूप में हमारे लिए उसमें एक तस्वीर है। मेरी प्रार्थना है कि हम एक साथ मिलकर एक–दूसरे की रक्षा करें जब दैहिक प्रेम की खूबसूरती की बात आए; हाँ, विवाहित जोड़ों के बीच हम इसका पोषण करेंगे, और फिर हम एक दूसरे की रक्षा करने में सहायता करेंगे।

मसीह की देह में भाइयो, अपनी बहनों की रक्षा करें। अपनी बहनों की सुरक्षा करें। अपनी बहनों का फायदा न उठाएँ। और उपदेश के लिए, तस्वीर यह है कि पुरूष स्त्री की रक्षा कर रहे हैं, और मैं यह कहने की सीमा तक जाऊँगा कि बहनो अपने भाइयों की रक्षा करें। उसे प्रलोभन न दें। और जब हम आज इन सब बातों को बता रहे हैं, तो बहनों के लिए, ऐसे वस्त्र पहनें जिससे परमेश्वर की महिमा हो, विशेषतः जब गर्मी के महीने हों।

अपने भाइयों को भटका न दें। अब मैं केवल उस समय की बात नहीं कर रहा हूँ जब हम आराधना के लिए एकत्रित होते हैं, यद्यपि हम निश्चित रूप से आराधना के लिए एकत्रित होते हैं। परन्तु एक बड़े स्तर पर भी, किस बिन्दू पर इस प्रकार अपनी ओर ध्यान खींचना उचित है जिससे आपका भाई पाप में पड़े? अपने छोटे वस्त्रों को फेंक दें। अपनी सन्तुष्टि और अपना आनन्द और अपनी पहचान मसीह में प्राप्त करें, और इस बात से नहीं कि वे आपको कैसे देखते हैं।

और उस समय तक बन्द वाटिका के समान रहें जब तक कि परमेश्वर उसे खोलने की अनुमति न दे। और ऐसा फिर परमेश्वर की महिमा के लिए करें। और रूढ़िवादी वस्त्र पहनें इसलिए नहीं क्योंकि हम व्यवस्थावादी हैं; बल्कि इसलिए कि हम एक दूसरे से प्रेम करते हैं, और इसलिए कि हम परमेश्वर की महिमा से प्रेम करते हैं। अतः हम दैहिक प्रेम के उत्सव को देखने जा रहे हैं, और दैहिक प्रेम की चेतावनियों को ध्यान में रखें। मेरी प्रार्थना है कि विश्वास के परिवार के रूप में हम दोनों पर ध्यान देंगे।

अतः तस्वीर यह है – और यहीं पर हम अपना अधिकाँश समय बितायेंगे – श्रेष्ठगीत में एक राजा और उसकी दुल्हन। और मैं चाहता हूँ कि हम श्रेष्ठगीत की पुस्तक में राजा और उसकी दुल्हन के बीच संबध के पाँच आयामों को देखें। और वे आयाम बार–बार और बार–बार दोहराए गए हैं।

और मैं चाहता हूँ कि हम इसमें दैहिक प्रेम में पाए जाने वाली खूबसूरती और सुख को देखें। ठीक है, हम शुरू करते हैं। पहला आयामः एक के प्रति समर्पण। वे केवल एक दूसरे की खोज में थे। वे केवल एक दूसरे की खोज में थे। जब मैं ऐसा कह रहा हूँ तो मैं जानता हूँ कि कुछ लोग हैं जो सोचते हैं, और इस पुस्तक को पढ़ते समय आप सोच सकते हैं, "मुझे ये समझ नहीं आ रहा है। यदि यह सुलैमान के द्वारा या सुलैमान के बारे में है, और उसके बहुत सी पत्नियाँ हैं, तो आप कैसे कह सकते हैं कि यह एक के प्रति समर्पण है?"

यहीं पर हम पुनः उसी वार्तालाप पर पहुँचते हैं कि यह सुलैमान के लिए है, सुलैमान के बारे में है, या सुलैमान के द्वारा है, परन्तु जिस यथार्थ को हम श्रेष्ठगीत में देखते हैं वह स्पष्ट है। ये एक पुरूष और स्त्री हैं जिनकी आँखें केवल एक–दूसरे के लिए हैं; जो एक–दूसरे को खोजने के लिए समर्पित हैं। आरम्भ में आप देखते हैं कि यहीं से यह शुरू होता है–1:2. वह अपने मुँह के चुम्बनों से मुझे चूमे। क्योंकि तेरा प्रेम दाखमधु से उत्तम है।

तेरे भाँति भाँति के इत्रों की सुगन्ध उत्तम है, तेरा नाम उंडेले हुए इत्र के तुल्य है; इसलिए कुमारियाँ तुझ से प्रेम रखती हैं। मुझे खींच ले, मुझे खींच ले। फिर आप अध्याय 3 पर आते हैं – पद 1 को देखें।

> मुझे खींच ले। फिर उसे सुनें – वह कहती हैः रात के समय मैं अपने पलंग पर अपने प्राणप्रिय को ढूँढती रही; मैं उसे ढूँढती रही, परन्तु उसे न पाया। मैं ने कहा, मैं अब उठकर नगर में, और सड़कों और चौकों में घूमकर अपने प्राणप्रिय को ढूँढूँगी। मैं उसे ढूँढती तो रही, परन्तु उसे न पाया।
>
> जो पहरूए नगर में घूमते थे, वे मुझे मिले, मैं ने उनसे पूछा, क्या तुम ने मेरे प्राणप्रिय को देखा है? मुझ को उनके पास से आगे बढ़े थोड़ी ही देर हुई थी कि मेरा प्राणप्रिय मुझे मिल गया। मैंने उसको पकड़ लिया, और उसको जाने न दिया जब तक कि मैं उसे अपनी माता के घर, अर्थात् अपनी जननी की कोठरी में न ले आई।

वह उसे खोज रही है, और केवल उसे। अध्याय 4 में देखें– हम थोड़ी देर में इसे और गहराई से देखेंगे, परन्तु पर 12 में देखें।

मैं इस रूपक के बारे में पहले ही बता चुका हूँ। वह उसके बारे में कहता है, "मेरी बहिन, मेरी दुल्हन, किवाड़ लगाई हुई बारी के समान।" और बहन शब्द एक प्रेमसूचक शब्द है। "किवाड़ बन्द किया हुआ सोता, और छाप लगाया झरना है।" मूलतः वह कह रहा है कि वह मेरे अलावा शेष सब लोगों के लिए बन्द है। जब आप पद 15 पर आते हैं वह कहता हैः मेरे लिए, "तू बारियों का सोता है, फूटते हुए जल का कुआँ, और लबानोन से बहती हुई धाराएँ है।" आप 7:10 पर आते हैं और इस वाक्यांश को देखते हैं जो उसके समान ही है जिसे हमने अभी पढ़ा है।

और वह कहती है, "मैं अपने प्रेमी की हूँ। और उसकी लालसा मेरी ओर नित बनी रहती है।" मैं जो चाहता हूँ कि हम देखें, हम श्रेष्ठगीत की पुस्तक में उस खूबसूरती को खोल रहे हैं जिसकी विशेषता है एक व्यक्ति के प्रति समर्पण। वे बिना विचलित हुए एक दूसरे की खोज करते हैं एक दूसरे को ढूँढते हैं और एक दूसरे की लालसा करते हैं। और मेरी प्रार्थना है कि यह विश्वास के परिवार में सारे विवाहों का प्रारूप बने। हमारे विश्वास के परिवार के विवाहित जोड़े, पुरूषो, दूसरी महिला आपको एक पल के लिए भी लुभाने न पाए।

देखें भी नहीं। नजर न डालें, और एक पत्रिका आपकी पत्नी का स्थान न लेने पाए। इन्टरनेट आपकी पत्नी का स्थान न लेने पाए। और महिलाओ, दूसरे व्यक्ति से ईश्कबाजी न करें। इसके विचार से भागें। आप दूसरे व्यक्ति में कचरे को क्यों चाहती हैं जब आपके पास उस पति में आनन्द है जिसे परमेश्वर ने आपके

लिए निर्धारित किया है? पुरूषो, आप क्यों कबाड़ को चाहते हैं– और हर दूसरी स्त्री आपके लिए ऐसी ही है।

कचरा– जब आपकी पत्नी में, या आपकी भावी पत्नी में, या आपके भावी पति में, इन रीतियों में आपके पास खजाना है। तो उससे कम पर सहमत न हों। कमजोर लालसाएँ न रखें। हम में से बहुत से लोग हैं, सन्तुष्टी के लिए केवल थोड़ी सी आवश्यकता है। कमजोर लालसाओं को समाप्त करें। उसके लिए मजबूत लालसा रखें जो सर्वोत्तम है– और यही हम यहाँ देख रहे हैं। आह! खूबसूरती! मैं परमेश्वर की स्तुति करता हूँ जब मैं अपनी पत्नी और इस तथ्य के बारे में सोचता हूँ कि मैं जानता हूँ कि वह मेरी है और मैं उसका हूँ, और यह केवल हम दोनों के बीच ही है।

परमेश्वर के अनुग्रह से आज मैं पूरी खराई के साथ कह सकता हूँ कि मेरी आँखें केवल उसी पर लगी हैं। मेरा पूर्ण प्यार उसके लिए है और मैं उससे पूर्ण प्यार पाता हूँ, यही परमेश्वर की योजना है। और यही इस बारी में है, एक बारी जो हर व्यक्ति के लिए बन्द है लेकिन जब आप और आपकी पत्नी या पति होते हैं, तो परिस्थितियाँ वास्तव में अच्छी हो जाती हैं– जोशीली अपेक्षा। अब, मैं चाहता हूँ कि आप अपेक्षा के उन दो आयामों को देखें जो श्रेष्ठगीत में पुरूष और स्त्री के बीच उत्पन्न होती है। चाहे यह नाटक है या नहीं, इसमें स्पष्ट अपेक्षा है। दो आयाम– पहला, वे कोमल शब्दों से आरम्भ करते हैं। वे कोमल शब्दों से आरम्भ करते हैं। वे देखते हैं कि इस पूरी पुस्तक में वे एक दूसरे की सराहना करते हैं। यह प्रेम काव्य है, वे एक दूसरे की सराहना करते हैं। अध्याय में पाँच में उसे सुनें– 5:10 को देखें। सुनें वह उससे बात करती है। वह उससे कहती है,

> मेरा प्रेमी गोरा और लाल सा है, वह दस हजार में उत्तम है। उसका सिर चोखा कुन्दन है; उसकी लटकती हुई लटें कौवों के समान काली हैं। उसकी आँखें उन कबूतरों के समान हैं जो दूध में नहाकर नदी के किनारे अपने झुण्ड में एक कतार से बैठे हुए हों। उसके गाल फूलों की फुलवारी और बलसान की उभरी हुई क्यारियाँ हैं। उसके होंठ सोसन फूल हैं जिन से पिघला हुआ गन्धरस टपकता है। उसके हाथ फीरोजा जड़े हुए सोने की छड़ें हैं। उसका शरीर नीलम के फूलों से जड़े हुए हाथी दाँत का काम है। उसके पाँव कुन्दन पर बैठाए हुए संगमरमर के खम्भे हैं। वह देखने में लबानोन और सुन्दरता में देवदार के वृक्षों के समान मनोहर है। उसकी वाणी अति मधुर है, हाँ वह परम सुन्दर है। हे यरूशलेम की पुत्रियो, यही मेरा प्रेमी और यही मेरा मित्र है।

यह किसी भी पुरूष को अच्छा लगेगा। यहाँ वह उसकी सराहना कर रही है, और वह उसकी सराहना कर रहा है। अध्याय 6 में देखें, इसके ठीक बाद, पद 4, हे मेरी प्रिय, तू तिर्सा के समान सुन्दरी है, तू यरूशलेम के समान रूपवान है, और पताका फहराती हुई सेना के तुल्य भयंकर है।"

हम कुछ और देखेंगे जो अति विशिष्ट है – पद 9 पर आएँ।

> मेरी कबूतरी, मेरी निर्मल, अद्वितीय है, अपनी माता की इकलौती, अपनी जननी की दुलारी है। पुत्रियों ने उसे देखा और धन्य कहा; रानियों और रखेलियों ने देखकर उसकी प्रशंसा की। यह कौन है जिसकी शोभा भोर के तुल्य है, जो सुन्दरता में चंद्रमा, और निर्मलता में सूर्य और पताका फहराती हुई सेना के तुल्य भयंकर दिखाई पड़ती है।

इससे न चूकें। एक दूसरे के साथ सुख का आधार एक दूसरे की प्रशंसा में है। एक दूसरे के साथ सुख का आधार एक दूसरे की प्रशंसा में है, इन वचनों को उन पलों के लिए याद करना अच्छा है जब समय उचित हो। एक दूसरे को उठाना अच्छा है। यहीं से इसका आरम्भ होता है। ध्यान दें 1:1 में केवल अच्छी शुरूआत ही नहीं है, यहाँ बाइबल में काम की तस्वीर है।

हम देखते हैं वे एक दूसरे को उठाते हैं, चारों ओर से घेरे हुए हैं, फिर कोमल शब्द ललचाने वाले कार्य की ओर ले जाते हैं। मैं प्रचार में इस लुभावने शब्द का प्रयोग करना चाहता था। अब यह इस पुस्तक का चरम है। और यहीं पर हम ललचायेंगे। मेरे साथ 4:1 पर चलें। मूलतः यहाँ जो होता है, यह पुस्तक का चरम है; यह पुस्तक का मध्य भाग है। यहाँ पर राजा मूलतः दुल्हन को देखता है और यदि शारीरिक रूप में नहीं तो मानसिक रूप से सिर से पाँव तक उसके वस्त्र उतारने लगता है।

यहाँ पर यही हो रहा है। 4:1– और यहाँ की कल्पना मुझे पसन्द है क्योंकि यह अत्यधिक खूबसूरती है। यह उचित भी है और ललचाने वाली भी है। यह हमारे देखने के लिए एक अच्छी तस्वीर है। यह उचित और अच्छा है, और परमेश्वर की अच्छाई और परमेश्वर के अनुग्रह का प्रमाण है। और परमेश्वर ने इसे जिस सन्दर्भ में रखा है वहाँ यदि ये हमें ललचाए तो अच्छा है। 4:1, हे मेरी प्रिय, तू सुन्दर है, तू सुन्दर है।" वह उससे बात कर रहा है।

हे मेरी प्रिय, तू सुन्दर है। तेरी आँखें तेरी लटों के बीच में कबूतरों की सी दिखाई देती हैं। तेरे बाल उन बकरियों के झुण्ड के समान हैं जो गिलाद पहाड़ के ढाल पर लेटी हुई हों– यहाँ थोड़ा सा स्पष्टीकरण। कहा जाता है कि यदि आप थोड़ी दूरी से भेड़ों के झुण्ड को पहाड़ से उतरते हुए देखें, जिनकी पीठ पर सूर्य की किरणें चमक रही हों तो वह दृश्य बहुत सुन्दर होता है। और हम उनकी इस बात को मान लेंगे, और फिर तस्वीर यह होगी कि वह अपने बालों को खोल रही है और वह उसके लहराते काले बालों को देखता है, वह खिंचता है, वह आकर्षित होता है।

पद 2, तेरे दाँत उन ऊन कतरी हुई भेड़ों के झुण्ड के समान हैं, जो नहाकर ऊपर आई हों, उनमें हर एक के जुड़वाँ बच्चे होते हैं। और उन में से किसी का साथी नहीं मरा। यहाँ अनुवाद कहता है, उनमें से कोई भी खोया नहीं है। यह एक अच्छा कथन है। आपके सारे दाँत सही हैं। पद 3, तेरे होंठ लाल रंग की डोरी के समान हैं, और तेरा मुँह मनोहर है, तेरे कपोल तेरी लटों के नीचे अनार की फाँक से देख पड़ते हैं। तेरा गला दाऊद की मीनार के समान है, जो अस्त्र–शस्त्र के लिए बना हो, और जिस पर हजारों ढालें टंगी हुई हों, वे सब ढ़ाले शूरवीरों की हैं।

अब वह यह नहीं कह रहा है कि तेरी गर्दन मोटी है। वह यहाँ ऐसा कुछ भी नहीं कह रहा है। वह उसके गले की तुलना मीनार के साथ इस अर्थ में नहीं कर रहा है कि जैसे मीनार बड़ी और विशाल होती है वैसे ही उसका गला भी बड़ा और विशाल है। वह ऐसा नहीं कह रहा है। इसके विपरीत, वह जो कह रहा है वह प्रकार में समान है। जिस प्रकार दाऊद की मीनार खूबसूरत और भव्य है, उसी प्रकार तेरा गला तेरे सिर को तेरी खूबसूरत देह के ऊपर सुन्दरता से ऊँचा रखता है। यही तस्वीर है।

अब यह ठीक है। पद 5, तेरी दोनों छातियाँ मृग के दो जुड़वे बच्चों के तुल्य हैं, जो सोसन फूलों के बीच में चरते हों। जब तक दिन ठण्डा न हो, और छाया लम्बी होते होते मिट न जाए, तब तक मैं शीघ्रता से गन्धरस के पहाड़ और लोबान की पहाड़ी पर चला जाऊँगा। इसके प्रकाश में मैं आपके सामने मेरे एक अच्छे मित्र डैनी एकन को उद्धृत करना चाहता हूँ, जिन्होंने इस पुस्तक पर *परमेश्वर और काम* नामक एक अद्भुत टीका लिखी है। उसने इसे अच्छी तरह लिखा है। वह लिखते हैं।

> ध्यान दें कि यहाँ बिल्कुल भी अश्लीलता नहीं है। अश्लीलता स्पष्टतः बुरी कामुक अभिलाषाओं की ओर संकेत करती है, और एक सम्पूर्ण उद्योग इस पापपूर्ण इच्छा के आधार पर निर्मित है। परन्तु यहाँ पर बिन्दू यह है कि एक पुरूष की अपनी पत्नी के लिए लालसा पवित्र है। उसके लिए उसका सुख और कामुक लालसा पवित्र है। इससे इन्कार करने का अर्थ है परमेश्वर के अच्छे वरदानों में से एक का इन्कार करना। वह उसकी देह के इस अंग की तुलना मृग के जुड़वाँ बच्चों से करता है

> जो सोसनों के बीच चरते हैं। वे कोमल और आकर्षक होते हैं। फिर वह उनका वर्णन दो पहाड़ों के रूप में करता है, एक गन्धरस का पहाड़ और दूसरा लोबान का पहाड़। दोनों सुगन्धद्रव्य कीमती थे और विवाह की सेज पर दोनों का देह पर मलने के लिए इत्र के रूप में प्रयोग किया जाता था। वह इतना आनन्दविभोर है कि वह रात भर अपनी अपनी से प्रेम करने की लालसा करता है, जब तक दिन ठण्डा न हो और छाया मिट न जाए।

अच्छी तरह बताया गया है। यह अच्छा है।

और लेखक आगे कहता हैः (4:7)

> हे मेरी प्रिय, तू सर्वांग सुन्दरी है; तुझ में कोई दोष नहीं। हे मेरी दुल्हन, तू मेरे संग लबानोन से चली आ। तू अमाना की चोटी पर से, शनीर और और हेर्मोन की चोटी पर से, सिंहों की गुफाओं से, चीतों के पहाड़ों पर से दृष्टि कर। हे मेरी बहन, हे मेरी दुल्हन, तू ने मेरा मन मोह लिया है, तू ने अपनी आँखों की एक ही चितवन से, और अपने गले के एक ही हीरे से मेरा हृदय मोह लिया है। हे मेरी बहन, हे मेरी दुल्हन, तेरा प्रेम क्या ही मनोहर है। तेरा प्रेम दाखमधु से क्या ही उत्तम है, और तेरे इत्रों का सुगन्ध सब प्रकार के मसालों के सुगन्ध से! हे मेरी दुल्हन, तेरे होठों से मधु टपकता है; तेरी जीभ के नीचे मधु और दूध रहता है।

स्पष्ट है कि यह फ्राँस के लोगों का आविष्कार नहीं है।

> तेरे वस्त्रों का सुगन्ध लबानोन का सा है। क्या यह आपके लिए भी उतना ही अजीब है जितना मेरे लिए है। मेरी बहिन, मेरी दुल्हन, किवाड़ लगाई हुई बारी के समान, किवाड़ बन्द किया हुआ सोता, और छाप लगाया हुआ झरना है। तेरे अंकुर उत्तम फलवाली अनार की बारी के तुल्य हैं, जिसमें मेंहदी और जटामासी, जटामासी और केसर, लोबान के सब भाँति के पेड़, मुश्क और दालचीनी, गन्धरस, अगर, आदि सब मुख्य मुख्य सुगन्धद्रव्य होते हैं। तू बारियों का सोता है, फूटते हुए जल का कुआँ, और लबानोन से बहती हुई धाराएँ हैं।

यह एक काल्पनिक वाटिका के समान है– एक प्रेमी के स्वप्न के समान, कि वह इन सारे फलों और इन सारे सुगन्धद्रव्यों और इन सारे फूलों को एक साथ एक ही वाटिका में पाए; दृश्य और सुगन्ध और स्वाद को एक साथ प्राप्त करे।

पति कह रहा है, "वह मेरी दुल्हन है। वह अद्‌भुत है, हर बार जब मैं उसकी बारी में प्रवेश करता हूँ, तो मुझे नये दृश्यों और खुशबुओं और स्वादों का पता चलता है जो खूबसूरत हैं।" यही तस्वीर है; कि हर बार जब वह पत्नी के साथ समय बिताने के लिए भीतर जाता है, तो तस्वीर एक नये और उत्तेजक साहसी कार्य की होती है। यह परमेश्वर की योजना है। यह लुभानेवाला कार्य है जो घनिष्टता की पूर्ति की ओर ले जाता है, जब वे अपनी देह एक–दूसरे को दे देते हैं।

अब आप वास्तव में इसे पद 16 में स्पष्टता से नहीं देखते हैं, परन्तु वहाँ एक बदलाव होता है पुरूष द्वारा स्त्री को संबोधित करने के स्थान पर स्त्री पुरूष को संबोधित करती है। परन्तु वह प्रत्यक्ष रूप से उसे संबोधित नहीं करती है। वह कहती है, "हे उत्तर वायु जाग, और हे दक्खिनी वायु चली आ! मेरी बारी पर बह, जिससे उसकी सुगन्ध फैले।" हम देख चुके हैं वह किवाड़ बन्द की गई बारी के समान थी, और इसलिए तस्वीर यह है कि वह वायु को बुलाती है कि वह उसे लेकर जो अब तक छिपा हुआ था, बन्द था, उसे बहाकर उसके पति तक पहुँचाए।

और यह तस्वीर मुझे पसन्द है – इसे सुनें। "मेरा प्रेमी अपनी बारी में आए।" आपने इसे सुना? यह नहीं "मेरा प्रेमी मेरी बारी में आए।" वह कहती है मेरा प्रेमी अपनी बारी में आए। मैं अपने प्रेमी की हूँ और मेरी बारी उसकी है– यहाँ पर यही तस्वीर है, एक साथ संगठित। और यह मूलतः पुस्तक का चरम है। "हे मेरी बहिन, हे मेरी दुल्हन, मैं अपनी बारी में आया हूँ, मैं ने अपना गन्धरस और बलसान चुन लिया; मैं ने मधु समेत छत्ता खा लिया, मैंने दूध और दाखमधु पी लिया। हे मित्रो, तुम भी खाओ, हे प्यारो, पियो, मनमाना पियो।" इससे न चूकें– यहाँ हर स्तर पर पूर्ण सन्तुष्टि है। यह भावनात्मक सन्तुष्टि है। हम इसे देख चुके हैं। यहाँ आनन्द और लालसा और घनिष्टता और आदर और सम्मान है। यह केवल दो शरीरों के आपस में जुड़ने से कहीं बढ़कर है; यह दो व्यक्तित्वों का मिलन है– यह भाइयो और बहनो, इसकी सुरक्षा करने का एक और कारण है। जब हम अपनी लैंगिकता के साथ खेलते हैं, तो उसके साथ खेलते हैं जो हमारे अस्तित्व में गहनतम है।

इसी कारण जब बाइबल एक पुरूष और स्त्री के मिलन के बारे में बात करती है, तो हम इस भाषा को देखते हैं– उन्होंने एक दूसरे का जाना। यह एक दूसरे के बारे में सबसे गहरा, सर्वाधिक घनिष्ट ज्ञान है। यह उससे बढ़कर कहीं अधिक है जो दो शरीरों के बीच होता है– यह भावनात्मक जुड़ाव और मिलन है जिसे परमेश्वर की योजना द्वारा रूप दिया जाता है– जो दूसरे भाग की ओर ले जाता है, आत्मिक सन्तुष्टि।

यह स्पष्ट हो जाता है जब आप इस पुस्तक की तुलना उत्पत्ति अध्याय 2, विशेषतः पद 24 और 25 से करते हैं। पुरूष और स्त्री, आदम और हव्वा के बारे में बताते हुए, एक साथ थे; वे नंगे थे पर लजाते न थे। और फिर लिखा है वे दोनों एक तन होंगे। यह उस बात की एक आभासी व्याख्या है जो परमेश्वर ने पुरूष और स्त्री के अनुभव के लिए रखी है। और क्या आपको याद है जब उत्पत्ति 3 में उन्होंने पाप किया?

उनके पाप का सबसे पहला प्रभाव क्या था– क्या आपको याद है? उन्हें मालूम हुआ कि वे नंगे थे और उन्होंने अपने आपको ढाँप लिया, और पापरहित संसार में उनके बीच जो घनिष्टता कभी थी वह नष्ट हो गई। और श्रेष्ठगीत निश्चत रूप से यह नहीं कहता है कि ये पुरूष और स्त्री पापरहित थे, परन्तु यहाँ तस्वीर यह हैः परमेश्वर इसे छुड़ाता है। और दैहिक प्रेम में वह वास्तविक योजना को लेकर उसे अपने लोगों के लिए उपलब्ध कराता है।

वह कहता है, "इसी के लिए तुम्हें रचा गया है– जिस प्रकार का मिलन यहाँ हो रहा है; एक देह, खुला, मिलन।" भावनात्मक सन्तुष्टि, आत्मिक सन्तुष्टि, बौद्धिक सन्तुष्टि– इसके बारे में हम पहले ही बात कर चुके हैं। हमने देखा कि पुरूष और स्त्री हमारे सर्वाधिक महत्वपूर्ण लैंगिक अंग– हमारे मनों को निशाना बनाते हैं। वे एक दूसरे को बढ़ाते हैं और एक दूसरे को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने मानसिक और मौखिक रूप में एक दूसरे की खूबसूरती को मान लिया है।

और यहाँ इससे न चूकें– गलत विचार न करें। श्रेष्ठगीत में हम कहीं भी यह नहीं देखते हैं कि यह जोड़ा हॉलीवुड का एक आदर्श जोड़ा था। हमारे पास वास्तव में कोई विवरण नहीं है कि वे कैसे दिखते हैं। इसके विपरीत हम देखते हैं, एकमात्र झलक जो हम इस पुरूष और स्त्री की देखते हैं वो केवल उनकी आँखों के द्वारा है, और वे परमेश्वर द्वारा अद्वितीय रूप से उन्हें दी गई खूबसूरती को इस प्रकार देखते हैं जिसमें किसी और का कोई भाग नहीं है।

यहाँ की तस्वीर यह है कि परमेश्वर ने हमारे विवाहों को इस प्रकार बनाया है कि उस स्तर की सन्तुष्टि केवल हमारे बीच में– हेदर और मेरे बीच में, पति और पत्नी के बीच में अनुभव की जा सकती है। यह सब, निःसन्देह, शारीरिक सन्तुष्टि की ओर ले जाता है, और मुझे यह पसन्द है कि अध्याय 4 कैसे समाप्त होकर

अध्याय 5:1 में प्रवेश करता है, क्योंकि यह हमें सारे विवरण नहीं देता है; यह हमें इस सारे दृश्य की सारी तस्वीर नहीं देता है। इसके विपरीत यह रूपक का प्रयोग करता है।

"मेरा प्रिया अपनी बारी में आए, और उसके उत्तम उत्तम फल खाए।" उसने खाया, उसने पिया– प्रेम को मनमाना पियो। एकन ने कहा, "हम बारी में आने और उसके उत्तम फलों को खाने के रूपक के सारे अर्थों के बारे में निश्चित नहीं हो सकते हैं, परन्तु सारी अच्छी वस्तुओं की कल्पना करना कठिन नहीं है।" परमेश्वर ने इसी तस्वीर को बनाया है– हर स्तर पर पूर्ण सन्तुष्टि। अब पुस्तक में मेरा पसन्दीदा भाग– जैसे कि वह पर्याप्त न हो– 8:14 है, अन्तिम वचन। मैं चाहता हूँ आप देखें पुस्तक कहाँ समाप्त होती है।

हर वचन में, हर पृष्ठ पर आप अभिभूत करने वाले रोमांस को पाते हैं। और फिर आप पद 14 पर आते हैं, और वह उससे कहती है, "हे मेरे प्रेमी शीघ्रता कर, और सुगन्धद्रव्यों के पहाड़ों पर चिकारे या जवान हरिण के समान बन जा।" इस पुस्तक में हम जो कुछ देखते हैं और जिसके बारे में पढ़ते हैं उसके बाद पुस्तक एक सतत् निमन्त्रण के साथ समाप्त होती है। स्त्री पुरूष से कहती है, "आ हम इसे शीघ्रता से दोबारा करें।"

इन सबके बाद, वह कहती है, "चिकारे के समान बन जा, भाई, जल्दी कर, शीघ्रता कर, और पुनः सुगन्धद्रव्यों के पहाड़ पर जा।" यह दैहिक प्रेम की सुन्दरता है– यह बना रहता है। यह बार–बार और बार–बार और बार–बार होता है। परमेश्वर अच्छा, अनुग्रहकारी, तेजोमय है, जिस प्रकार उसने इन सब को रचा है, और श्रेष्ठगीत की पुस्तक इसी के बारे में है। और मेरी प्रार्थना है कि इस स्तर पर यह हम में से प्रत्येक को प्रोत्साहित करे।

मेरी प्रार्थना है कि यह प्रोत्साहित करे– कि यह पद आज प्रत्येक विवाहित जोड़े को उत्साहित करे कि वे इस वचन को व्यवहार में लाने के लिए पूर्णतः एक–दूसरे में आनन्द मनाएँ। यह आज्ञापालन होगा। मेरी प्रार्थना है कि यह आपके विवाह में आपको प्रोत्साहित करे। मेरी प्रार्थना है यदि अपने विवाह में आप इस क्षेत्र में संघर्ष कर रहे हैं– और डरें नहीं, मैं यहाँ पर शारीरिक संबंधों के बारे में कोई काउन्सलिंग देने नहीं जा रहा हूँ। एक प्रचारक और पासबान के रूप में मैं कहना चाहता हूँ कि अपने विवाह के इस क्षेत्र को स्वास्थ्यप्रद बनाएँ। अपने विवाह के इस क्षेत्र को आगे बढ़ाएँ, उसे पोषित करें। और हर व्यक्ति के लिए जो विवाहित नहीं है, परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, मेरी प्रार्थना है कि आप इस सन्दर्भ में शारीरिक प्रेम की खूबसूरती को देखेंगे।

अपने भाइयों और बहनों के प्रार्थना करें जो उसका अनुभव करने के लिए विवाहित हैं, और सुनिश्चित करें और परमेश्वर जो इतनी सुन्दरता से बनाया है उसके परमेश्वर द्वारा नियुक्त सन्दर्भ के बाहर न निकालें– चाहे वह मानसिक रूप से हो, भावनात्मक रूप में, या शारीरिक रूप में। और परमेश्वर अनुग्रहकारी है– उसने हमें इस रीति से बनाया है और वह हमें उसमें स्थिर करने में अनुग्रहकारी है। अब यथार्थ यह है– और जो हमने पूरे पवित्रशास्त्र में देखा है– कि इस कैनन सब कुछ किसी बड़ी बात की ओर संकेत करता है; छुटकारे के इतिहास का संकेत देता है।

और यहाँ पर मैं चाहता हूँ आप इसके बारे में सोचें कि काम के बारे में एक पुस्तक– श्रेष्ठगीत– छुटकारे के इतिहास में कहाँ उपयुक्त बैठती है? और यहाँ पर हम प्रतीकात्मक बात नहीं करेंगे कि इसका अर्थ मसीह है, इसका अर्थ कलीसिया है, और इसका अर्थ मसीह है। परन्तु बात यह हैः मेरे साथ इफिसियों 5 पर आएँ। मैं आपको पवित्रशास्त्र में आपको दो अलग–अलग स्थान दिखाना चाहता हूँ– और हम यहाँ से होकर निकलेंगे– इफिसियों 5:22 से हम आरम्भ करेंगे।

इस पद्यांश को हम पहले देख चुके हैं, परन्तु बात यह हैः हम पहले ही उत्पत्ति 2 को देख चुके हैं और हमने देखा कि परमेश्वर ने स्त्री और पुरूष को एक दूसरे के लिए बनाया, कि वे एक दूसरे से मिलकर एक तन बन जाएँ। और सुलैमान, श्रेष्ठगीत उस पर एक मनन है– इस पर एक टीका कि इसका क्या अर्थ है। अतः मैं चाहता हूँ कि हम देखें कि नया नियम इस एक तन के मिलन के बारे में क्या कहता है जिसे हमने अभी श्रेष्ठगीत में पढ़ा है।

पद 22, इफिसियों 5,

> हे पत्नियों, अपने अपने पति के ऐसे अधीन रहो जैसे प्रभु के। क्योंकि पति पत्नी का सिर है जैसे कि मसीह कलीसिया का सिर है और स्वयं ही देह का उद्धारकर्ता है। पर जैसे कलीसिया मसीह के अधीन है, वैसे ही पत्नियाँ भी हर बात में अपने अपने पति के अधीन रहें।
>
> हे पतियो, अपनी अपनी पत्नी से प्रेम रखो जैसा मसीह ने भी कलीसिया से प्रेम करके अपने आप को उसके लिए दे दिया कि उसको वचन के द्वारा जल के स्नान से शुद्ध करके पवित्र बनाए, और उसे एक ऐसी तेजस्वी कलीसिया बनाकर अपने पास खड़ी करे, जिसमें न कलंक, न झुर्री, न कोई और ऐसी वस्तु हो वरन पवित्र और निर्दोष हो। इसी प्रकार उचित है कि पति अपनी अपनी पत्नी से अपनी देह के समान प्रेम रखे। जो अपनी अपनी पत्नी से प्रेम रखता है, वह अपने आप से प्रेम रखता है। क्योंकि किसी ने कभी अपने शरीर से बैर नहीं रखा वरन उसका पालन–पोषण करता है, जैसा मसीह भी कलीसिया के साथ करता है। इसलिए कि हम उसकी देह के अंग हैं।
>
> (ध्यान से सुनें– पद 31) इस कारण मनुष्य अपने माता–पिता को छोड़कर अपनी पत्नी से मिला रहेगा, और वे दोनों एक तन होंगे। यह भेद तो बड़ा है, पर मैं यहाँ मसीह और कलीसिया के विषय में कहता हूँ। पर तुम में से हर एक अपनी पत्नी से अपने समान प्रेम रखे, और पत्नी भी अपने पति सा भय माने।

क्या आपने देखा पौलुस ने पद 31 में क्या किया– उसने उत्पत्ति 2:24–25 से उद्धृत किया, "इस कारण पुरूष अपने माता–पिता को छोड़कर अपनी पत्नी से मिला रहेगा और वे दोनों एक तन होंगे।" और पौलुस कहता है, "इसका मतलब यह है। यह भेद बड़ा है, और मैं कह रहा हूँ कि यह मसीह और कलीसिया को बताता है।" इससे न चूकें। पौलुस कह रहा है कि जब परमेश्वर ने विवाह और इस मिलन को बनाया, उत्पत्ति 2 में इस लैंगिक मिलन को, उसने इसे बड़ी तस्वीर को ध्यान में रखते हुए किया। उसने विवाह को इस प्रकार बनाया कि एक दिन वह अपने लोगों के लिए मसीह के प्रेम की ओर संकेत करे।

और हमें अहसास होता है कि परमेश्वर ने जो बनाया है, जिसे हमने अभी श्रेष्ठगीत की पुस्तक में देखा है, हमें वापस लौटकर हर विवरण को मसीह और कलीसिया के रूप में चित्रित करने की आवश्यकता नहीं है, हमें अहसास होता है कि पुरूष और स्त्री के बीच प्रेम की यह तस्वीर मसीह और उसकी कलीसिया के बारे में है। और जिस प्रकार पुरूष अपनी देह को अपनी पत्नी को दे देता है, वैसा ही मसीह ने अपनी कलीसिया के लिए किया है।

और जिस प्रकार एक पुरूष और स्त्री एक–दूसरे में सुख पाते हैं, एक–दूसरे में सन्तुष्टि पाते हैं, उसी प्रकार मसीह और उसकी कलीसिया एक–दूसरे के साथ संबंध में गहनतम सन्तुष्टि को प्राप्त करते हैं। और यहाँ पर इफिसियों की पत्री हमें राजा और उसकी दुल्हन के बीच संबंध के बारे में बताती है। इसी भाषा, इन्हीं आयामों का प्रयोग करना, और यहाँ इफिसियों 5 की तस्वीर के बारे में सोचें और जो हम सुसमाचार और नये नियम में देखते हैं।

नम्र भक्ति की एक तस्वीर; राजा– राजा यीशु– आपकी खोज में है। इसके बारे में सोचें। जैसे एक पति पत्नी की खोज में रहता है, उससे भी बढ़कर, यीशु ने आपकी खोज की है; आपकी खोज में आया है। ऐतिहासिक अपेक्षा– पुराना नियम जिसकी लालसा रखता था। यीशु परमेश्वर के सारे वचन की पूर्णता है। ये सारी तस्वीरें और ये सारे वायदे जिन्हें हम पुराने नियम में देखते हैं, यहाँ तक कि उत्पत्ति 3:15 में भी, जब पाप के बीच में परमेश्वर एक वायदा देता है और कहता है, "मैं एक व्यक्ति को भेजूँगा जो विरोधी को जीत लेगा, तुम्हें छुटकारा देगा।"

वह मसीह की ओर संकेत कर रहा है। मसीह ही वह है जो छुटकारा देगा और इसे संभव बनाएगा। वह परमेश्वर के सारे वचन की पूर्णता है। वह अपने सारे कार्यों में निर्दोष है। वह आकर व्यवस्था को सिद्धता से पूर्ण करता है, जैसा आज तक किसी ने नहीं किया और न ही कोई कभी ऐसा कर पाएगा। और यह, परमेश्वर का सिद्ध पुत्र, बलिदान की पूर्णता में, अपनी देह हमारे लिए दे देता है। यही इफिसियों 5:25 कहता है। उसने अपनी देह को दे दिया– अपने आपको– उसके लिए दे दिया, ताकि आप और मैं उस में मेल कर लें और पूर्ण सन्तुष्टि को प्राप्त करें। कि हम अपने सबसे बड़े आनन्द को, मत्ती 22:37 की भाषा में, उससे अपने पूर्ण दिल से प्रेम करने में पाएँ, पूर्ण भावनात्मक सन्तुष्टि। अपने सारे प्राण से उससे प्रेम करना, अपने सारे मन से उससे प्रेम करना– बौद्धिक सन्तुष्टि। और हमारा आनन्द परमेश्वर को जानने में है; उसे जानना और पूरी ताकत से उससे प्रेम करना। पूर्ण सन्तुष्टि– मन, प्राण, और ताकत मिलकर– सब कुछ करूणामय निमन्त्रण द्वारा संभव बनाया गया।

उद्धारकर्ता और राजा के रूप में मसीह पर भरोसा रखें, और वह आपके पाप को क्षमा करेगा और आपको अपनी दुल्हन के रूप में प्रस्तुत करेगा, जिसमें कोई दाग या धब्बा न हो। यही सुसमाचार है। जगत के पवित्र परमेश्वर ने आपको खोजा है, हमारे पाप के कारण अपने क्रोध को सहने के लिए उसने अपने पुत्र को क्रूस पर मरने के लिए भेजा; कि वह मसीह के पुनरूत्थान के द्वारा पाप के ऊपर अपनी सामर्थ को दिखाए ताकि हर व्यक्ति जो मसीह पर उद्धारकर्ता और राजा के रूप में विश्वास करे उसका परमेश्वर से मेल–मिलाप हो, उसका हमेशा के लिए परमेश्वर से मेल हो जाए।

यह तेजोमय समाचार है, और विवाह इसी की ओर संकेत करता है। और यह श्रेष्ठगीत को पूर्णतः एक अलग स्तर पर उठा देता है। पतियो, आपका केवल अपनी पत्नी के प्रति ही लगाव क्यों होना चाहिए? हमें ऐसा करना है क्योंकि हम संसार को दिखा रहे हैं कि मसीह ने अपनी कलीसिया से कैसा व्यवहार किया है। और यदि मसीह अपनी कलीसिया को त्याग दे, तो शायद हमारे लिए भी यह ठीक होगा यदि हम अपनी पत्नियों को त्याग दें। परन्तु मसीह अपनी कलीसिया को कभी नहीं त्यागेगा, इसलिए हम कभी अपनी पत्नियों को नहीं त्याग सकते हैं।

और जिस प्रकार कलीसिया के रूप में हमसे अपेक्षित है कि हम अपना सुख अपने उद्धारकर्ता में पाएँ, उसी प्रकार, पत्नियो, मैं आपको उत्साहित करता हूँ कि अपने अपने पतियों से इफिसियों 5 के अनुसार प्रेम करो, ताकि हम दिखाएँ कि मसीह वास्तव में हमारे चारों ओर के संसार से आनन्दित है। यही सुसमाचार है। और यह एक बड़ी तस्वीर की ओर संकेत करता है– मैं इसे आपको दिखाना चाहता हूँ। वहाँ पर हम समाप्त करेंगे। प्रकाशितवाक्य 19– प्रकाशितवाक्य में एक राजा और उसकी दुल्हन।

सांसारिक विवाह स्वर्ग के उस महान अवसर का पूर्वस्वाद है। सांसारिक विवाह स्वर्गीय विवाह का पूर्वस्वाद है, जहाँ हम परमेश्वर के लोगों को दुल्हन के रूप में चित्रित किया गया है, और स्वर्ग में हमारे महिमाकरण के दिन को विवाह के दिन के रूप में चित्रित किया गया है। इसलिए प्रत्येक पुरूष और स्त्री, चाहे विवाहित हो या अविवाहित, कोई फर्क नहीं पड़ता। आपकी आयु चाहे कितनी भी हो, आपका वैवाहिक स्तर चाहे जो भी हो, हर व्यक्ति इस विवाह के दिन के इन्तजार में है।

प्रकाशितवाक्य 19:6.

> फिर मैं ने बड़ी भीड़ का सा और बहुत जल का सा शब्द, और गर्जन का सा बड़ा शब्द सुना। हल्लेलूयाह! क्योंकि प्रभु हमारा परमेश्वर सर्वशक्तिमान राज्य करता है। आओ, हम आनन्दित और मगन हों, और उसकी स्तुति करें, क्योंकि मेमने का विवाह आ पहुँचा है, और उसकी दुल्हन ने अपने आप को तैयार कर लिया है। उसको शुद्ध और चमकदार महीन मलमल पहिनने का अधिकार दिया गया– क्योंकि उस महीन मलमल का अर्थ पवित्र लोगों के धर्म के काम हैं।
>
> तब स्वर्गदूत ने मुझ से कहा, "यह लिख, कि धन्य वे हैं, जो मेमने के विवाह के भोज में बुलाए गए हैं।" फिर उसने मुझ से कहा, "ये वचन परमेश्वर के सत्य वचन हैं।"

प्रकाशितवाक्य 21:1 पर आएँ, दूसरी बार हम इस कल्पना को देखते हैं। इसे सुनें।

> फिर मैं ने नये आकाश और नई पृथ्वी को देखा, क्योंकि पहला आकाश और पहली पृथ्वी जाती रही थी, और समुद्र भी न रहा। फिर मैं ने पवित्र नगर नये यरूशलेम को स्वर्ग से परमेश्वर के पास से उतरते देखा। वह उस दुल्हन के समान थी जो अपने पति के लिए सिंगार किए हो। फिर मैं ने सिंहासन में से किसी को ऊँचे शब्द से यह कहते हुए सुना, "देख, परमेश्वर का डेरा मनुष्यों के बीच में है। वह उनके साथ डेरा करेगा, ओर वे उसके लोग होंगे, और परमेश्वर आप उनके साथ रहेगा और उनका परमेश्वर होगा। वह उनकी आँखों से सब आँसू पोंछ डालेगा; और इसके बाद मृत्यु न रहेगी, और न शोक, न विलाप, न पीड़ा रहेगी; पहली बातें जाती रहेंगी।

स्वर्ग के विवाह की यही खूबसूरती है जिसकी और पृथ्वी का विवाह संकेत करता है– निरन्तर भक्ति की छाप वाले रिश्ते की वास्तविकता की ओर संकेत करता है। भाइयो और बहनो, जिस दयालु ने आपको क्रूस पर से खोजा वह कभी आपको खोजना नहीं छोड़ेगा। आपका राजा उस दिन तक अपनी प्रिया के रूप में आपके पीछे आता रहेगा।

और इसका अर्थ यह नहीं है कि यह सदैव आसान होगा। यह उन भाइयों और बहनों के लिए आसान नहीं था जो प्रकाशितवाक्य में कष्ट सहते हैं, सताव का सामना करते हैं। परन्तु वह कहता है, आशापूर्ण अपेक्षा, परमेश्वर के वचन से चिपके रहें। प्रकाशितवाक्य में यूहन्ना कह रहा है, परमेश्वर के वचन से चिपके रहें। उसके वचन पर भरोसा रखें। राजा आपके लिए आ रहा है। उसके वचन से चिपके रहें और परमेश्वर के वचन के प्रति समर्पित रहें। अपने राजा के पीछे चलने से पीछे न हटें– कलीसिया, अपने राजा पर भरोसा रख और उसके पीछे चल।

हम उसका मुँह देखेंगे। बौद्धिक उत्तेजना की हमारी लालसा राजा के सामने पूरी हो जाएगी, और हम उसके साथ भोज करेंगे और अनन्तकाल के लिए उसकी उपस्थिति में रहेंगे। यह सब अन्तिम निमन्त्रण की ओर ले जा रहा है– और यह प्रश्न में हर व्यक्ति से पूछना चाहता हूँ। क्या आप इस राजा के प्रेम के सामने समर्पण करेंगे? क्या आप उसके प्रेम के सामने समर्पण करेंगे? मैं चाहता हूँ आप जानें, मैं चाहता हूँ आप सुनें, मैं चाहता हूँ आप देखें श्रेष्ठगीत में, इफिसियों में, और प्रकाशितवाक्य में कि स्वर्ग में एक परमेश्वर है जो आपका भला चाहता है, जिसने अपनी महिमा के लिए आपको रचा है, और आपके पाप और उसके विरूद्ध आपके बलवे में– आपके आत्मिक व्यभिचार में वह आपके पीछे आता रहा है। वह आपके लिए आया, विश्वासयोग्य, और वही आपको यहाँ तक लाया है। उसी ने आपको यह अवसर दिया है कि आप क्रूस पर अभिव्यक्त मसीह के अद्‌भुत प्रेम की तस्वीर को देखें।

और मैं आपको आमन्त्रित करना चाहता हूँ, यदि आपने कभी अपने उद्धारकर्ता और राजा के रूप में उस पर भरोसा नहीं किया है और अपना जीवन उसको समर्पित नहीं किया है, तो आज आप पहली बार अपना दिल

उसके लिए खोलें। अपने लिए उसकी आवश्यकता का अंगीकार करें और उससे कहें कि वह आपके दिल को बदल दे। यदि आपके जीवन में कोई लैंगिक पाप या कोई दूसरा पाप है जिसके साथ आप खेल रहे हैं, तो उसे छोड़ दें– आज मसीह में क्षमा और चंगाई को प्राप्त करें और उसका प्रेम आपको लुभाने पाए। मैं चाहता हूँ आप खूबसूरती को देखें, केवल दैहिक प्रेम की नहीं। मैं चाहता हूँ आप परमेश्वर की खूबसूरती को देखें, और आपके प्रति उसके प्रेम की खूबसूरती को देखें। और मैं चाहता हूँ कि आपका दिल मसीह की दुल्हन के रूप में उसकी ओर आकर्षित हो।